आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

सुनवाई

प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज प्रदेश उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। न्यायालय ने इस मामले की पिछली सुनवाई के पश्चात अंतरिम आदेश जारी कर सभी सीपीएस को मंत्रियों वाली सुविधाएं लेने और मंत्रियों वाले कार्य करने पर रोक लगा दी थी। जबकि उनके सीपीएस बने रहने पर मामले की सुनवाई हो रही है। आज प्रदेश उच्च न्यायालय इन नियुक्तियों को लेकर कोई आदेश जारी कर सकता है। गौरतलब है कि बीजेपी विधायक सतपाल सत्ती सहित 12 बीजेपी विधायकों ने सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती दी है। याचिका में अर्की विधानसभा क्षेत्र से सीपीएस संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहडू से मोहन लाल ब्राक्टा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल की नियुक्ति को चुनौती दी गई है।

हाईकोर्ट

प्रदेश उच्च न्यायालय ने सलापड़ से तत्तापानी सड़क के निर्माण की धीमी गति पर कड़ा संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. राम चंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने लोक निर्माण विभाग द्वारा दायर स्टेटस रिपोर्ट पर असंतोष जाहिर करते हुए 10 अप्रैल तक कार्य पूरा करने के आदेश जारी किए हैं। उच्च न्यायालय ने सरकार से सड़क निर्माण कार्य को समय पर पूरा न करने का कारण पूछा है और उच्च न्यायालय ने स्टेटस रिपोर्ट के माध्यम से इस पर जानकारी मुहैया करवाने के आदेश दिए हैं।

लघु शिवरात्रि मेला

मंडी के जोगिन्दर नगर का राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला कल से शुरू हुआ। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मेला मैदान जोगिन्दर नगर में झंडा फहराकर इस मेले का विधिवत शुभारंभ किया। एक से पांच अप्रैल तक मनाया जाने वाला मेला चौहार घाटी के आराध्य देव श्री हुरंग नारायण व पहाड़ी बजीर देव श्री पशाकोट सहित उपस्थित समस्त देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना के बाद शुरू हुआ। आराध्य देव श्री हुरंग नारायण व देव श्री पशाकोट की अगवानी में देवी–देवताओं की भव्य जलेब भी निकाली गयी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जलेब की अगवानी की।

इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए मंडी के जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने सिग्नेचर कैंपेन और सेल्फी प्वाइंट को भी लॉन्च किया। उन्होंने आगामी 1 जून को होने जा रहे आम लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से बढ़–चढ़ कर भाग लेने और सिग्नेचर कैंपेन व सेल्फी प्वाइंट से जुड़ने का भी आह्वान किया।

हवाई सेवा

प्रदेश में पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए चंडीगढ़ से धर्मशाला के लिए इंडिगो विमान की पहली और सीधी हवाई सेवा आज से शुरू हो रही है। पर्यटक अब सीधे चंडीगढ़ से फ्लाईट पकड़ कर धर्मशाला पहुंच सकेंगे। इंडिगो चंडीगढ़ से धर्मशाला के लिए बड़ा विमान एटीआर–72 उतारने जा रहा है। इंडिगो की यह हवाई सेवा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बुधवार और शनिवार को रहेगी। कंपनी ने इसका किराया 3 हजार 5 सौ 54 रूपए तय किया है। धर्मशाला के लिए शुरू होने वाली इस हवाई सेवा से देश सहित विदेशी पर्यटकों को भी सुविधा मिलेगी।

स्वीप आइकॉन

लोकसभा चुनाव में मतदाता सहभागिता वृद्धि के उद्देश्य से चम्बा के जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने जिला में विभिन्न श्रेणियों के चार स्वीप आइकॉन नियुक्त किए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में विभिन्न वर्गों के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक व आकर्षित करने के उद्देश्य से इन आइकन की नियुक्ति की गई है। सामान्य आइकॉन में पदम श्री ललिता वकील , कला और संस्कृति में पद्मश्री  मुसाफिर राम और पद्मश्री डॉ विजय शर्मा को आइकॉन नियुक्त किया गया है जबकि एशियन शूटिंग चौंपियनशिप में ब्रांज मेडल विजेता फरहान मिर्जा को यूथ आइकॉन नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी आइकॉन द्वारा जिला में मतदाता जागरूकता अभियान को और अधिक बल मिलेगा।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है हाईकोर्ट पहुंचे निर्दलीय विधायक आशीष और पूर्व विधायक चैतन्य के पिता, बालूगंज थाने में दर्ज केस रद्द करने की मांग। दैनिक भास्कर का शीर्षक है विधायक चैतन्य के पिता और विधायक आशीष की जमानत अवधि 26 तक बढ़ी। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं चैतन्य शर्मा के पिता पर पुलिस अफसर को धमकाने के आरोप।

ईडी मामले से जुड़ी खबर पर पंजाब केसरी की सुर्खी है ईडी ने अल्केमिस्ट ग्रुप की शिमला और सिरमौर में 3 सौ 28 बीघा भूमि जब्त की। दैनिक जागरण लिखता है ईडी की कार्रवाई–अल्केमिस्ट समूह के फ्लैट, एक विमान और भूमि कुर्क।

मुख्यमंत्री सुक्खू, प्रतिभा सिंह और मुकेश अग्निहोत्री चार को जाएंगे दिल्ली शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद सैंट्रल इलैक्शन कमेटी की बैठक में घोषित होंगे प्रत्याशी।

आपका फैसला की एक खबर है एचआरटीसी का टारगेट, मई माह के अंत तक कैशलेस होंगी सभी बसें–पहले चरण में शिमला लोकल बसों को कर दिया गया है कैशलेस।